RAF SECTOR

NEWS CLIP

02/06/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Gaurav Mahima, Jaipur(R.J)

सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने मनाया 37 वा स्थापना दिवस

गौरव महिमा

जयपुर। राजधानी जयपुर के आमेर में लालवास स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने 37 वा स्थापना दिवस मनाया। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन का 37 वाँ स्थापना दिवस कोविड गाईडलाईनों को पालन करते हुये बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमाण्डेन्ट प्रवीण कुमार सिंह ने बटालियन में नवनिर्मित शहीद वाटिका का उद्घाटन कर शहीद स्मारक पर बटालियन के देश सुरक्षा में शहीद हुए जवानों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। और बटालियन क्वाटर गार्ड पर सेरेमोनियल गार्ड से सलामी ली। कमाण्डेन्ट प्रवीण कुमार सिंह ने विशेष सैनिक सम्मेलन आयोजित कर बटालियन के सभी कार्मिकों को बटालियन द्वारा देश हित में किये गये सराहनीय कार्यों के लिये प्रशंसा की। साथ ही भविष्य में और अच्छा करने की रणनीति पर विचार करने के लिये आगाह किया। देश की सेवा के लिये हर समय तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया गया। बटालियन स्थापना दिवस के उपलक्ष पर बटालियन कैम्पस में अन्तर कम्पनी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। सांयकाल में बड़े खाने आयोजन किया गया। इस अवसर पर कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के साथ द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल, उप कमांडेंट बलबीर सिंह समेत सभी राजपत्रित अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण और जवान मौजूद रहे।

Photos of Deployment/Fam-Ex Of RAF



सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।